आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 19.09.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड में त्योहारी सीजन से पहले जीएसटी की संशोधित दरें जारी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में राज्य स्तरीय दिशा समिति की पहली बैठक का आयोजन।
- छठे राज्य वित्त आयोग ने अल्मोड़ा में जिला स्तरीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ योजनाओं और कार्यों की परामर्श बैठक की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी में आयोजित एशियन कैडेट कप इंडिया– 2025 का शुभारंभ किया।

जीएसटी दरें अधिसूचना

वित्त विभाग ने राज्य में प्रमुख उपभोक्ता सामान और सेवाओं पर 22 सितंबर से लागू होने वाली जीएसटी की संशोधित दरें जारी कर दी है। ज्यादातर सेवाओं और वस्तुओं की जीएसटी दरों में कमी होने से त्योहारी सीजन से उपभोक्ताओं को भारी राहत मिलेगी। वित्त सचिव, दिलीप जावलकर ने बताया कि जीएसटी परिषद् की 56वीं बैठक में लिए गये निर्णयों के क्रम में केन्द्र सरकार की ओर से गत 17 सितम्बर को कर–दर निर्धारण सम्बन्धी विभिन्न अधिसूचनाएं जारी की गयी हैं। इस कड़ी में उत्तराखण्ड ने भी विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर दरों को निर्धारित किये जाने संबंधी अधिसूचनाएं जारी कर दी हैं। इन अधिसूचनाओं के माध्यम से कर की दरों में किए गए बदलाव आगामी 22 सितम्बर से लागू होंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश में जीएसटी दरों में भारी कमी कर दी है। इसी क्रम में राज्य में भी 22 सितंबर से नई जीएसटी दरों को लागू किया जा रहा है। इससे उपभोक्ताओं को राहत मिलने के साथ ही अर्थव्यवस्था में भी तेजी आएगी।

दिशा बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज सचिवालय में राज्य स्तरीय दिशा समिति की पहली बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कृषि, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और खेल से जुड़ी योजनाओं की कार्यवाही पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा आधारित पंपों की स्थापना की गति तेज करने, पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत शेष गांवों को शीघ्र सड़क सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने युवाओं और महिलाओं के लिए कौशल विकास, स्वरोजगार और उद्यमिता योजनाओं को और प्रभावी रूप से लागू करने के साथ ही नियमित रूप से जनप्रतिनिधियों से संवाद कर योजनाओं की प्रगति साझा करने के लिए भी निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं के संचालन में पारदर्शिता, जवाबदेही और विभागों के बीच आपसी समन्वय बहुत जरूरी है।

## गढ़वाल आयुक्त

गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पाण्डेय ने आज देहरादून के आपदा प्रभावित मालदेवता–केसरवाला क्षेत्र का जायजा लिया। इस क्षेत्र में हाल ही में नदी में आई बाढ़ से सड़क का एक हिस्सा बह गया था, जिस कारण मालदेवता क्षेत्र का रायपुर से सीधे सम्पर्क टूट गया था। लेकिन युद्धस्तर पर किए गए पुनर्निमाण कार्य के बाद, आज सुबह यहां अस्थायी सड़क बनाकर यातायात भी खोल दिया गया है। वहीं, गढ़वाल आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्थायी सड़क को सुविधाजनक बनाने के साथ ही बरसात के बाद तेजी से स्थायी सड़क का निर्माण किया जाए। उन्होंने सड़क को बाढ़ से बचाने के उपाय करने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर मौजूद क्षेत्रीय विधायक उमेश शर्मा काऊ ने कहा कि सभी विभागों ने दिन रात काम कर दो दिन में ही अस्थायी सड़क का निर्माण कर दिया है। इससे रायपुर के दूरस्थ गांवों के साथ ही टिहरी जिले के सकलाना क्षेत्र के लोगों को भी राहत मिलेगी। उन्होंने लोगों से अपील की, कि अभी बरसात के दिनों में रात के समय सड़क के इस हिस्से पर आवाजाही से बचें। उन्होंने कहा कि जल्द ही स्थायी सड़क बनने के बाद यातायात पूर्व की तरह बहाल कर दिया जाएगा।

## सेवा पखवाड़ा प्रदर्शनी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सेवा पखवाड़ा के तहत आज नगर निगम देहरादून में आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत प्रदेश में स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जन सुविधाओं के लिए बहुद्देशीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लोगो को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने सभी से सेवा पखवाड़ा की गतिविधियों में सक्रिय सहयोग का आह्वान किया।

## सेवा पखवाड़ा बागेश्वर

केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने आज बागेश्वर जिले के जोलकांडे क्षेत्र में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के दौरान पूरे क्षेत्र में सबसे बड़ा वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें रिकॉर्ड संख्या में पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों और स्वयंसेवकों ने भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि यह सिर्फ पौधे लगाने का कार्य नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण, हरियाली और बेहतर पर्यावरण देने का संकल्प है।

## छठे राज्य वित्त आयोग

छठे राज्य वित्त आयोग ने आज अल्मोड़ा में जिला स्तरीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नगर निगम व जिला पंचायत के सदस्यों के साथ योजनाओं और कार्यों की परामर्श बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे ने नगर और जिले की योजनाओं का विभागवार वित्तीय और भौतिक प्रगति का विवरण आयोग के समक्ष रखा। आयोग के अध्यक्ष एन. रवि शंकर ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का संचालन जन प्रतिनिधियों को आपसी समन्वय से करना चाहिए और जन आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनानी चाहिए। सदस्य पी.एस जंगपांगी ने कहा कि आयोग की ओर से राज्य के सभी जिलों में जिला पंचायत और नगर निकायों के साथ बैठक की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि जन प्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श कर आयोग द्वारा वित्तीय संस्तुतियों को शासन को भेजा जाता है।

एशियन कैडेट कप

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज हल्द्वानी में फेन्सिंग एसोसिएशन ऑफ इण्डिया द्वारा आयोजित एशियन कैडेट कप इंडिया– 2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय आयोजन से न केवल उत्तराखंड की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि प्रदेश की पहचान वैश्विक स्तर पर और मजबूत होगी। एशियन कैडेट कप फेंसिंग टूर्नामेंट में 17 देशों से आए तलवारबाज अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

सेवा पर्व चम्पावत

चम्पावत जिले के लोहाघाट में सेवा पखवाड़े के तहत वृहद स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने लोगों की स्वास्थ्य जांच की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान ने बताया कि शिविर में विभिन्न जांचें निःशुल्क की गई। साथ ही जरूरतमंद लोगों के दिव्यांग प्रमाण पत्र भी बनाए गए। उन्होंने बताया कि स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान के तहत जिले के दूरस्थ क्षेत्रों और आरोग्य केन्द्रों में भी स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं।

सैनिक कल्याण मंत्री

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शहीद सम्मान यात्रा के दूसरे चरण की तैयारी के संबंध में आज देहरादून में विभागीय अधिकारियों और सैनिक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि आगामी 22 सितम्बर को देहरादून से आयोजित होने वाली शहीद सम्मान यात्रा के दूसरे चरण का शुभारंभ किया जाएगा। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के एक हजार 734 बलिदानियों के आंगन की मिट्टी सैन्यधाम लाई जा चुकी है, लेकिन इस प्रक्रिया में लगभग 71 बलिदानी छूट गए थे। इन बलिदानियों के आंगन की पवित्र मिट्टी लाने के लिए दूसरे चरण की शहीद सम्मान यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जो 22 सितंबर से चार अक्टूबर तक चलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सैन्यधाम के लोकार्पण से पहले छूटे हुए बलिदानियों के आंगन की मिट्टी भी सैन्यधाम लाकर सम्मिलित की जाएगी।